>

Title: Need to provide additional airconditoned coaches in Train Nos. 1005/1006 and 7013/7014 running on Latur-Mumbai and Latur-Hyderabad routes.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): मेरे संसदीय क्षेत्र लातूर से रोज चलने वाली रेलगाड़ी मुम्बई-लातूर-मुंबई (लातूर एक्सप्रेस) गाड़ी संख्या 1005/1006 में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का एक कोच कम करके उसके स्थान पर एक ही कोच को प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी में आधा-आधा बांट दिया गया है। यह लातूरवासियों की यात्रा में असुविधा का कारण बन गया है। यही नहीं, इस गाड़ी का उपयोग क्षेत्र के मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक भी अधिक से अधिक करते हैं क्योंकि यही एकमात्र लातूर से मुम्बई के आवागमन हेतु उपयुक्त गाड़ी है।

महोदय, क्षेत्र की जनता के लिए सरकार से मेरी मांग है कि इस गाड़ी में एक वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, एक वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी तथा एक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच जोड़ा जाये तथा लातूर एक्सप्रेस गाड़ी की ठाणे तथा हरगुल जैसे बड़े स्टेशनों पर ठहराव (स्टॉपिज) होना चाहिए ऐसी जनता की बहुत समय से मांग है।

इसी प्रकार हैदराबाद-लातूर-पुणे-लातूर-हैदराबाद गाड़ी सं0 7014/7013 जो सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुद्धवार, शनिवार चलती है इसमें वातानुकूलित चेयरकार के दो कोच जोड़ने की सख्त आवश्यकता है क्योंकि यात्रियों की संख्या के हिसाब से उपलब्ध कोच पर्याप्त नहीं है तथा परली से उस्मानाबाद वाया लातूर चलने वाली " उस्मानाबाद पैसेंजर" उस्मानाबाद के आगे पंढेरपुर तक बढ़ायी जाए जो जनता की भारी मांग है तथा बार्शी, उस्मानाबाद तथा लातूर स्टेशनों पर अतिरिक्त प्लेटफार्मों का निर्माण भी कराया जाये।